O X F O R D (N) S C H O O L

Opp. Yogda Math, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com
Ph: 748596735

प्रेस विज्ञप्ति

ऑक्सफ़ोर्ड नर्सरी स्कूल, राँची ने आयोजित की निशुल्क स्वास्थ्य जाँच कार्यक्रम

दिनांक 26/03/2025 ऑक्सफ़ोर्ड नर्सरी स्कूल रांची में विद्यार्थियों शिक्षकों और अभिभावकों के लिए पारस हॉस्पिटल एच.ई.सी. राँची के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ० सिमी मेहता, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, प्रगति पथ राँची, प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ठाकुर और प्रधानाध्यापिका ऑक्सफ़ोर्ड नर्सरी स्कूल सोमा घोष के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य शिक्षिका सुप्रिया बसाक और सुप्रिया महतो के निर्देशन में बच्चों ने 'जुम्बा डांस' और 'एरोबिक एक्सरसाइज' का प्रदर्शन किया।

कहते हैं स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का वास होता है, इसलिए सत्र की शुरुआत विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच कर की गई। इसमें पारस हॉस्पिटल के ई.एन.टी. विशेषज्ञ डॉ० सुकेशी पाण्डेय, जनरल फिजिशियन डॉ० आशीष बसंत, गायनाकोलोजिस्ट डॉ० मज़हबीन और डाइटिशियन डॉ० सामपति ने बच्चों, अभिभावकों एवं उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं की जाँच की एवं उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें परामर्श दिए।

तकरीबन 300 बच्चों और अभिभावकों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया। अभिभावक गण विद्यालय की इस पहल से बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। उनका कहना था, विद्यालय की इस पहल के लिए वे विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हैं।

डॉ. सिमी मेहता ने इस अवसर पर कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हमें स्वयं के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए। पौष्टिक आहार एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करना चाहिए और समय-समय पर डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना हमारा प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची के प्रधानाचार्य रंजीत कुमार ठाकुर एवं ऑक्सफ़ोर्ड नर्सरी स्कूल की प्रधानाध्यापिका सोमा घोष ने भी अभिभावकों और विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी तथा भविष्य में भी विद्यालय में इस तरह के आयोजन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में उपस्थित सभी लोग प्रसन्नचित्त और संतुष्ट दिखाई दिए।

••○••

O X F O R D (N) S C H O O L

Opp. Yogda Math, Ranchi 834 001, Jharkhand

Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596735

Press Release Free

Health Check -Up Programme Organised at Oxford (N) School

Ranchi, 26th March, 2025:

A Free Health Check-Up and awareness Programme was organised for the students, teachers and parents at Oxford Nursery School, Bahu Bazar, Ranchi in collaboration with Paras Hospital, HEC, Ranchi. Dr. Simi Mehta, the Academic Director, Mr. Ranjeet Kumar Thakur, the Principal of Oxford Public School, Pragati Path, Ranchi and Soma Ghosh, the Principal of Oxford Nursery School, Bahu Bazar jointly inaugurated the programme. The programme commenced with zumba dance and aerobic exercises under the guidance of Dance teacher Supriya Basak and Supriya Mahto which was followed by the health check-up in which the group of specialist doctors like Gynaecologist Dr. Mahajabin, Dentist Dr. Sukeshi Pandey, Dietitian Dr. Sampati and Pediatrician Dr. Ashish Bashant of Paras Hospital, Ranchi, checked the teeth, eyes, ears, blood pressure, blood sugar and general health of the students, teachers, parents and guardians and gave them medical advice and further counselled them how to remain healthy as we all know healthy mind in a healthy body and good health only makes us able to perform any work in a better way which leads us to success in any walk of life. Dieticians advised how to take balanced diet to remain fit and fine and to prevent diseases as prevention is better than cure. Throughout the programme, there was immense enthusiasm among the students, parents and teachers which was evident from their huge turn out.

Dr Simi Mehta the Academic Director emphasized on healthy diet and daily exercises which must be added in every student's daily routine. She also added that in future our School will organise more such fitness awareness programme so that every one whoever is associated with our School will be benefited out of it. Mr Ranjit Kumar Thakur the Principal of Oxford Public School and Mrs Soma Ghosh the Principal of Oxford N School encouraged and appreciated the Parents and the students for their participation. All the teachers, staff members were excited to get their routine check-up done.

In this program approximately 300 Parents and children participated.